Regarding need to provide stoppage of train numbers 15509/15510 and 13213/13214 at Tharbitia Railway Station in Supaul Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल जिला अंतर्गत थरबिटिया रेलवे स्टेशन पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में सुपौल रेलवे स्टेशन और ललितग्राम के बीच स्थित है स्टेशन के आस पास घनी आबादी है । उक्त स्टेशन पर पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव जनहित में अति आवश्यक है जिसका लाभ हजारों लोगों को मिलेगा तथा रेलवे का राजस्व में इजाफा होगा तथा स्थानीय लोगो को बिहार की राजधानी पटना तथा जिला मुख्यालय आने जाने में सुविधा मिलेगी । अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि गाड़ी संख्या 15509/15510 ललितग्राम से पटना, राज्यरानी एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 13213/13214 जोगबनी -सहरसा एक्सप्रेस का 2 मिनट का ठहराव पूर्व मध्य रेल अंतर्गत समस्तीपुर मंडल के थरबिटिया रेलवे स्टेशन पर जनहित में किया जाय ।